गुरुवर ने दिया आशीष, हम धन्य हो गये...

राजेन्द्र जैन बागो, इन्दौर । आचार्य श्री के सान्निध्य में संपन्न पंचकल्याणक में गोलालारीय समाज के निर्माणाधीन मंदिर की तैयारी पूर्ण न होने के कारण इस अद्वितीय आयोजन में सहभागी न होने की कसक समाजजनों के मन रही । हमारी भावना को ध्यान में रखते हुए बा.ब्र. अभय भैया के मार्गदर्शन अनुसार गोलालारीय समाज के स्थाई व अस्थाई ट्रस्टी के सदस्य दिनांक 25 फरवरी को आचार्यश्री विद्यासागरजी महाराज के सम्मुख कुम्हेड़ी स्थित लार्ड आदिनाथ रेसीडेंसी में 1008 श्री आदिनाथ भगवान के जिनालय की प्रगति की जानकारी व आशीर्वाद लेने के उद्देश्य से उदासीन आश्रम पर पहुंचे। बाल ब्रह्मचारी सुनील भैया, बाल ब्रह्मचारी अनिल भैया व बा.ब्र. अभय भैया 'आदित्य' के मार्गदर्शन में आचार्यश्री के सम्मुख समाज के प्रतिनिधि मंडल के स्थाई ट्रस्टी श्री रमेशचंदजी, समाज अध्यक्ष श्री कोमलचंदजी व सचिव श्री बाहुबली जैन ने मंदिर की रुपरेखा आचार्यश्री के सम्मुख रखी । सचिव श्री बाहुबली ने आचार्यश्री को मंदिर के साथ साथ निर्मित होने वाले संत निवास और पूजा प्रक्षाल के लिए शुद्ध जल हेतु कुएँ इत्यादि के निर्माण के बारे में मंदिरजी का नक्शा बता कर पूर्ण जानकारी से अवगत कराया व समाज की एकजुटता व सुदृढ़ता लाने के उद्देश्य से प्रकाशित की जाने वाली त्रैमासिक पत्रिका 'गोलालारीय दर्शन' के बारे में भी जानकारी दी। आचार्यश्री ने मंदिर निर्माण व अन्य जानकारियों को देखकर आशीर्वाद प्रदान किया । उपस्थित समाजजनों ने आचार्यश्री से निवेदन किया कि आपके सान्निध्य में ही मंदिर जी के पंचकल्याणक संपन्न हो ऐसा आशीर्वाद हमें प्रदान करें । समाज न्यासी श्री रमेशचंदजी अध्यक्ष श्री कोमलचंदजी व सचिव श्री बाहुबली जी ने आचार्यश्री से करबद्ध आग्रह किया कि प्रतिभास्थली की ओर विहार के समय समाज के निर्माणाधीन मंदिर की प्रगति को देखने के लिए आप निर्माणाधीन मंदिर की भूमि पर चरणरज देने की कृपा करें । आचार्यश्री प्रतिभास्थली पर विराजमान हैं । हमारा पूर्ण प्रयास रहेगा कि इस अवधि में आचार्यश्री के चरण हमारे निर्माणाधीन मंदिर पर अवश्य पड़े । मंदिर निर्माण का कार्य तेजी से पूर्णता की ओर अग्रसर है, आपके यथासंभव आर्थिक सहयोग से हम इस कार्य को अतिशीघ्र पूरा कर संभवत: इस वर्ष के मध्य तक पंचकल्याणक कराने का प्रयास करेंगे ।

निर्माणाधीन श्री आदिनाथ जिनालय
लार्ड आदिनाथ कालोनी, कुम्हेड़ी, इन्दौर

मूलनायक वेदी निर्माण की न्यौछावर राशि	– 21 लाख
शिखर निर्माण की न्यौछावर राशि	– 31 लाख
मंदिरजी में श्रावकों की सुविधा हेतु लिफ्ट	– 5 लाख
वेदीजी के चारो तरफ बीम निर्माण की न्यौछावर राशि	– 31 हजार रु. प्रति बीम
मंदिरजी की खिड़कियां	– 21हजार रु. प्रति खिड़की
खिड़कियों के पल्ले	– 11 हजार रु. प्रति पल्ला
मंदिरजी के मुख्य चौखट निर्माण न्यौछावर राशि	– 71 हजार रु.
मंदिरजी के मुख्य चौखट के दरवाजे	– 51 हजार रु. प्रति दरवाजा
मंदिरजी के अन्य चौखट	– 51 हजार रु. प्रति चौखट (2 चौखट)
अन्य चौखट के दरवाजे	– 41 हजार रु. प्रति दरवाजा
मंदिरजी में फ्लोरिंग	– 2100 रु. स्केअर फीट
प्रवेश द्वार की सीढ़ियां	– 3100 रु. प्रति सीढ़ी
द्रव्य सामग्री कमरे के प्लेटफार्म निर्माण की न्यौछावर राशि	– 21 हजार रु.

संत निवास / द्रव्य सामग्री व अन्य कमरों के निर्माण के लिए आप मंदिर निर्माण कमेटी के सदस्यों से चर्चा कर सकते है । मंदिरजी निर्माण में दान देने के लिए आप नीचे दिये गये बैंक खाते में सीधे राशि जमा कर निम्न नंबरों पर सूचना देने का कष्ट करें ताकि आपको दानराशि की रसीद प्रेषित की जा सके ।

बैंक – बैंक ऑफ इंडिया खाता क्रमांक – 880310101000004475
IFS कोड – BKID0008803 शाखा – सियागंज ब्रांच, इन्दौर

अधिक जानकारी के लिए आप निम्न पदाधिकारियों से संपर्क कर सकते है – श्री कोमलचंद जैन 9329524227, बाहुबली जैन 9827247847, हरीशचंद जैन 9479720709, राजेन्द्र जैन 'बागो', 9424013136, प्रियांश जैन 9893910169, राजेश जैन 'सायकलवाले' 9425348193

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के अपने है, सम्पादक मण्डल का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है । किसी भी प्रकार का विवाद होने पर न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।

स्वामी श्री गोलालारीय दिगम्बर जैन समाज न्यास के लिए प्रकाशक, मुद्रक बाहुबली जैन द्वारा प्रकाशित प्रतीक्षा ग्राफिक्स127, देवी अहिल्या मार्ग इन्दौर से मुद्रित एवं ग्राफिक्स ज़ील कम्प्यूटर एंड ग्राफिक्स 356, तिलक नगर श्री गोलालारीय दि. जैन समाज न्यास, 64, न्यू देवास रोड़, इन्दौर (म.प्र.) से प्रकाशित